जगदलपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2020

राजधानी

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

मुख्यमंत्री से छग कर्मचारी अधिकारी के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

रायपुर, 21 अक्टूबर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न कर्मचारी-अधिकारी संगठनों के प्रांताध्यक्षों ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारियों की विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने राज्य में कोरोना संकट के दौर में कर्मचारी-अधिकारियों के कर्मठ सहभागिता की सराहना भी की। इस अवसर पर फेडरेशन के आर.के.तिज़ारिया, सतीश मिश्रा, संजय सिंह, पंकज पांडेय, विजय झा, बी पी शर्मा, श्री राकेश शर्मा, डॉ लक्ष्मण भारती, यशवंत वर्मा तथा अशोक रायचा आदि उपस्थित रहे।

भाजपा आंदोलन के चलते गृहमंत्री के बंगले की बढ़ाई गई सुरक्षा

रायपुर, 21 अक्टूबर । प्रदेश में कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात को लेकर भाजपा आज आंदोलन कर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के बंगले का घेराव करने का प्रयास करेगी। हालांकि भाजपा को रोकने के लिए पहले से ही धरना स्थल बूढ़ापारा के पास पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, वहीं गृहमंत्री के बंगले की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। भाजपा के इस आंदोलन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत सहित कई दिग्गज नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने आंदोलन को लेकर कहा कि प्रदेश में लगातार हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, बलात्कार सहित अन्य अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है, जिससे पूरे प्रदेश में अशांति का माहौल है।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 6 नवंबर को

रायपुर, 21 अक्टूबर । जिला पंचायत, रायपुर की सामान्य सभा की बैठक 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे से भारतीय रेडक्रास भवन,कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले में नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के अन्तर्गत गोबर खरीदी तथा चारा सुरक्षा एवं निर्मित सामग्री,कृषि के क्षेत्र में वर्तमान में हुए बरसात से हुए क्षति एवं सुरक्षा के तहत किए गए कार्य, धान खरीदी,महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण योजनाओं, कोविड-19 वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति पर मेडिकल टेस्ट एवं रोकथाम पर चर्चा के साथ 15 वें वित्त आयोग जिला विकास निधि पर चर्चा की जाएगी।

एससी, एसटी एवं ओबीसी छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन 30 नवम्बर तक आमंत्रित

रायपुर, 21 अक्टूबर । वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 नवम्बर 2020 तक आमंत्रित है। आदिवासी विकास विभाग,रायपुर के सहायक आयुक्त ने बताया कि रायपुर जिला के अंतर्गत् संचालित सभी शैक्षणिक शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, आई.टी.आई, नर्सिंग कॉलेजों तथा पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत एस.सी,एस.टी तथा ओ.बी.सी वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन स्वीकृति तथा वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा आवेदन के लिए 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2020 तक का समय निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 अक्टूबर से 10 दिसम्बर एवं सैंक्शन आर्डर लॉक करने हेतु 15 अक्टूबर से 20 दिसम्बर तक तथा संस्थाओं द्वारा ड्राफ्ट्स् जमा करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2021 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगें।

राज्यपाल ने समाजसेविका यादव को कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम में शामिल होने पर दी बधाई

रायपुर, 21 अक्टूबर । राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने समाजसेविका पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव से फोन में चर्चा कर उन्हें टी.व्ही. शो कौन बनेगा करोड़पति में शामिल होने पर शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि आप हमारी प्रदेश की गौरव हैं। यह खुशी की बात है कि आपको राष्ट्रीय स्तर के टीवी चैनल के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आपके द्वारा महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को सुसंगठित करने और स्वरोजगार दिलाने का जो कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। मैं आशा करती हूं कि आप इसी तरह छत्तीसगढ़ और देश के विकास में योगदान देती रहेंगी।

विश्वविद्यालयों का कार्य केवल डिग्री देना नहीं, समाज और प्रदेश की समस्याओं का प्रभावी हल खोजना भी है -भूपेश बघेल

- छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग और 18 उच्च शैक्षणिक संस्थानों के मध्य किए गए एमओयू पर हस्ताक्षर
- छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य, जहां प्रदेश के विकास में होगी राज्य के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी
- संस्थानों के ज्ञान और कौशल से स्थानीय समस्याओं के समाधान में मिलेगी सहायता

रायपुर, 21 अक्टूबर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि विश्वविद्यालयों का कार्य केवल डिग्री देना नहीं, समाज और राज्य की समस्याओं का प्रभावी और वैज्ञानिक हल खोजना भी है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में राज्य योजना आयोग और राज्य के 14 विश्वविद्यालयों एवं 4 उच्च शैक्षणिक संस्थानों ट्रिपल आईटी, आईआईएम, एम्स और आईआईटी कुल 18 शैक्षणिक संस्थानों के मध्य शोध एवं अनुसंधान के लिए आयोजित वर्चुअल ऑनलाइन एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में राज्य के समावेशी विकास में इन उच्च शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके ज्ञान और कौशल से स्थानीय और कृषि, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के प्रभावी और वैज्ञानिक समाधान, अनुसंधान, अध्ययन और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए तीन वर्षों के लिए एमओयू किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है, जहां राज्य के विकास में उच्च शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी होगी। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, योजना और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, राजेश तिवारी और रूचिर गर्ग भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। एमओयू में राज्य योजना आयोग के अधिकारी और संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य योजना के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य सचिव अनुप कुमार वास्तव, प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार, विद्यार्थी और 4 उच्च शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक जुड़े।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य योजना आयोग और इन संस्थानों के मध्य एमओयू के माध्यम से प्रदेश की विशिष्ट समस्याओं और दिक्कतों की पहचान कर उन पर अनुसंधान, अध्ययन, नवाचार द्वारा समाधान ढूंढे जा सकेंगे और इन संस्थानों में उपलब्ध ज्ञान कौशल का उपयोग राज्य की जनता कर सकेंगी। इन संस्थानों की उपलब्धियों का लाभ आम आदमी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि, रोजगार, ग्रामीण विकास, कुटीर उद्योगों से लेकर बड़े उद्योगों तक की समस्याओं और सामाजिक समस्याओं के वैज्ञानिक ढंग से सरल समाधान हो, इसमें उच्च शैक्षणिक संस्थानों की फैकल्टी, प्रतिभावान विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल का लाभ मिले, इस उद्देश्य से यह एमओयू आज किया गया है। इससे विशेषज्ञों और विद्यार्थियों को प्रदेश की जमीनी समस्याओं से रू-ब-रू होने का मौका मिल सकेगा। आने वाले समय में इसका लाभ प्रदेश, प्रदेशवासियों और देश को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमओयू के तहत राज्य योजना आयोग के समन्वय के साथ उच्च शैक्षणिक संस्थानों में बनने वाले 'शोध और अनुसंधान प्रकोष्ठ' में लघु वनोपजों के वेल्यू एडिशन, कृषि उत्पादों, उद्यानिकी, फसलों में वेल्यू एडिशन, कृषि और उद्यानिकी फसलों पर आधारित उद्योगों को खोलने के संबंध में भी अध्ययन और अनुसंधान किया जाएगा। राज्य में कुटीर उद्योगों के विकास और राज्य में उत्पादित इस्पात और एल्युमिनियम पर आधारित वेल्यू एडिशन के सहायक उद्योग जैसे सायकल बनाने के उद्योग और आटोमोबाइल उद्योगों के विकास में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के लिए बिजली, कच्चा माल और कुशल मानव संसाधन उपलब्ध है। उच्च शैक्षणिक संस्थानों की मदद से प्रदेश में वेल्यू एडिशन के उद्योगों की स्थापना के लिए उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ लाने में और लोगों को हुनरमंद बनाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम में शोध और अनुसंधान के लिए स्थापित कोऑर्डिनेशन यूनिट का शुभारंभ किया।

योजना और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक अवसर है, जब राज्य के उच्च शैक्षणिक संस्थानों और तकनीकी संस्थानों की प्रतिभाओं को राज्य के विकास में भागीदार बनाने की शुरूआत की जा रही है। इन संस्थानों के अनुसंधान केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश के विकास की दिशा तय होगी।

रायपुर 21 अक्टूबर। राजीव भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल।

मादक पदार्थो के अनाधिकृत व्यवसाय पर कड़ाई बरतने के निर्देश

रायपुर, 21 अक्टूबर । मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में गृह विभाग की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में मादक पदार्थो के अनाधिकृत व्यवसाय पर कड़े और प्रभावी नियंत्रण के संबंध में चर्चा हुई। मुख्य सचिव मण्डल ने निर्देशित किया है कि जिला स्तर पर भी मादक पदार्थो के अवैध व्यापार पर नियंत्रण रखने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाए। साथ ही मादक पदार्थो की अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ में तस्करी वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने औषधि के रूप में उपयोग में लाए जाने वाले दवाईयों का नशे के लिए इस्तेमाल न हो इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। मण्डल ने सड़क मार्ग के साथ ही रेल मार्ग से नशीले पदार्थो के आवक को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए है।

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए आई.जी. रायपुर रेंज डॉ. आनंद छाबड़ा ने रायपुर रेंज के अंतर्गत नशीले पदार्थो की तस्करी, अवैध बिक्री पर नियंत्रण लगाने के लिए की जा रही गतिविधियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सचिव गृह विभाग अरूण देव गौतम और सचिव आबकारी विभाग निरंजन दास उपस्थित थे।

डॉ. शिवकुमार डहरिया से छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं निवेशक कल्याण संघ प्रतिनिधि मंडल की सौजन्य मुलाकात

- चिटफंड में निवेशकों की डूबी हुई राशि जल्द वापस दिलाने दिया आश्वासन

रायपुर, 21 अक्टूबर । नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से आज यहां उनके शासकीय कार्यालय में छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं निवेशक कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान अभिकर्ता एवं निवेशक कल्याण संघ के सदस्यों ने मंत्री डॉ. डहरिया से चिटफंड में निवेशकों की डूबी हुई राशि वापस दिलाने का आग्रह किया। मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के निवेशकों का चिटफंड में डूबी हुई राशि वापस दिलाने काफी गंभीर हैं, राज्य स्तर पर निवेशकों के पैसे दिलाने के लिये आवश्यक प्रक्रिया चल रही है।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि निवेशकों के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सकारात्मक प्रयास जारी है। शीघ्र ही इस मसले का हल निकाला जायेगा।

अभिकर्ता एवं निवेशक संघ के सदस्यों द्वारा मंत्री डॉ. डहरिया से निवेदन किया गया कि राज्य सरकार द्वारा चिटफंड कंपनियों द्वारा निवेशकों के पैसे वापस दिलाने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कोर रूप में संघ के सदस्यों को शामिल किया जाए। मंत्री डॉ. डहरिया ने उच्च स्तर पर चर्चा कर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर संघ के श्री किसन साहू, श्री नरोत्तम साहू, श्री छबूलाल यादव, सरपंच संघ रायपुर जिला के अध्यक्ष श्री गोपाल धीवर सहित सर्वश्री पुनीतराम सेन, नरेन्द्र कुमार साहू, भोलाराम पाड़े, राजाराम साहू, श्रीमती अनिता वर्मा, श्रीमती संतोषी कश्यप, श्रीमती दुलारी बघेल, श्री पुषउराम पटेल व अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

सांसद विजय बघेल के समर्थन में पहुंचे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडेय

रायपुर, 21 अक्टूबर । भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडेय के नेतृत्व में पाटन में धरने पर बैठे लोकसभा सांसद विजय बघेल के समर्थन में पहुंचे। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था समाप्त हो चुकी है।

भाजपा के युवा नेता शरद कुमार जाल ने जानकारी देते हुए बताया कि धरने में नवीन मारकंडेय के साथ किशोर महानंद, राजू मारकंडेय, रविन्द्र बंजारे, दिनेश टंडन, श्याम नारंग, अशोक बंजारे , शैलेष बड़गे, टी टी बेहरा, हरगेश केसरिया, अश्विनी टंडन, गुड्डु भत्रिया, नेपाल बाग, राहुल बघेल, रोहित निशाल, राहुल बघेल के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : गुरप्रीत सिंह

- राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये की समीक्षा

रायपुर, 21 अक्टूबर । छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने वाडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा, खाद्य, आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। श्री बाबरा ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में वितरित की जाने वाली पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचना चाहिए। श्री बाबरा ने आमजनों से काल सेंटर में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण कर प्रतिवेदन देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। खाद्या विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने कहा की खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के लिए गोदाम में रखे नमीयुक्त राशन सामग्री के बैग्स को पृथक रखा जावे और किसी भी स्थिति मे इसे पीडीएस में वितरण हेतु जारी नही किया जाएं। दुकानों को प्रदाय चावल, नमक, चना, गुड़ आदि राशन सामग्री का सेंपल अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाये. पूरक पोषण आहार योजना और मध्यान्ह भोजन योजना मे भी प्रदाय सामग्री की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। सचिव ने कहा कि हर जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त करना है और अगर पात्रता का उल्लंघन हो रहा है तो जिला शिकायत निवारण अधिकारी को सूचित करें। शिकायतों को दर्ज करने के लिए कॉल सेंटर या हेल्पलाइन हो, ताकि नियत समय में निपटारा हो सके। जिस जिले में जितनी दुकाने है वहां पर सर्तकता समिति गठित होना चाहिए। राशनकार्डधारियों में से ही सर्तकता समिति के सदस्य नियुक्त किया जा सकता है। बैठक में राज्य के सभी जिलों के महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला स्तर के अधिकारी शामिल हुए। खाद्य आयोग के सचिव राजीव जायस्वाल ने आयोग की वेब साइट के बारे में और आम जनता अपनी बात या शिकायत जिला या राज्य स्तर तक कैसे पहुचाये उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मनरेगा ने बदल दी किस्मतः लाख उत्पादन कर लाखों कमाने लगी ग्रामीण महिलाएं

रायपुर, 21 अक्टूबर । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना से गांवों में लगातार सकारात्मक बदलाव आ रहा है। योजना से लोगों को न सिर्फ काम मिला है बल्कि उनके लिए आर्थिक विकास के कई रास्ते खुलने लगे हैं। इसकी एक बानगी कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बॉसकुण्ड के आश्रित ग्राम बनौली में दिखाई देती है जहां स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब लाखों का लाख उत्पादन कर रही हैं। जिला पंचायत के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच लाख की खेती को बढ़ावा देकर आजीविका के साधनों को बढ़ाने व प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में मनरेगा से बिहान की राधा स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सुमित्रा कुरेटो को 2 एकड़ जमीन में 4 हजार सेमियलता के पौधे रोपण के लिए दिया गया था। सेमियलता के पौधे से समूह ने पहली बार में ही 35 हजार रूपये का लाख उत्पादन कर आमदनी प्राप्त की। जिला पंचायत के सीईओ डॉ संजय कजीजे के मार्गदर्शन व निर्देशन में समूह की महिलाओं को कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर से प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उन्हे बिहान के माध्यम से बैंक लिंकेज कराकर ड्रीप सुविधा उपलब्ध कराया गया। इसके पश्चात् दूसरे वर्ष राधा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 4 हजार सेमियलता के पौधे में लाख की खेती से एक लाख 74 हजार रूपये की नगद आमदनी प्राप्त हुई। समूह की महिलाओं ने पहले साल में 02 क्विंटल लाख का उत्पादन किया, वहीं दूसरे साल उसी लाख के बीज से 06 क्विंटल लाख का उत्पादन कर 01 लाख 74 हजार 150 रूपये की आमदनी प्राप्त की। इस प्रकार समूह की महिलाओं ने अपनी मेहनत व लगन से लाख पालन कर वनांचल ग्राम बनौली की बंजर व पथरीली धरती की किस्मत बदल दी है। ग्राम पंचायत बॉसकुण्ड की सरपंच श्रीमति पवनबती ने बताया कि लाख उत्पादन से राधा समूह की महिलाओं की आमदनी में वृद्धि हुई इससे गांव के अन्य लोग भी लाख उत्पादन हेतु प्रोत्साहित हो रहे है। उल्लेखनीय है कि सेमिलयता के पौधे 06 माह में ही बढ़ जाते हैं तथा कम समय में ही पौधा तैयार हो जाता है। इसमें लाख का अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। कांकेर जिले में मनरेगा के तहत विस्तार करते हुए गौठान, ग्रामों व हितग्राहियों की बाड़ियों में सेमिलयता के पौधे का रोपण कर लाख की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ संजय कजीजे ने बताया कि कृषि अनुसंधान केन्द्र कांकेर को मनरेगा में 60 हजार सेमियलता के पौधा रोपण का कार्य दिया गया था। इस वर्ष जिले के 06 गांवो के गोठानो और हितग्राहियों के बाड़ियों मे लगभग 28 एकड़ में लाख पालन का कार्य किया जावेगा। इस मुहिम के द्वारा कोविड 19 के संक्रमण दौर में स्थानीय लोगो को आय का जरिया उपलब्ध कराने और स्व-रोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

ट्रक के नीचे सोते समय पहियें के नीचे आया हेल्फर,मौत

रायपुर, 21 अक्टूबर । सोते समय हेल्फर ट्रक के पहियें के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट खरोरा थानें में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बालाजी राईस मिल के बाहर ट्रक के नीचे सोते समय हेल्फर की ट्रक के पहियें के नीचे दबने से मौत हो गई। ग्राम अमरपुर पेन्द्रा गोरेल्ला निवासी पंकज कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 10 एटी 9744 के चालक दीनेश कौशिक पिता पुन्नुलाल कौशिक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है। मृतक अमित डहरिया आयु 18 वर्ष पिता लखनलाल डहरिया खुटाटोला अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी था व ट्रक में हेल्फरी करता था। घटना के समय राईस के अंदर जगह नहीं होने के चलते मृतक ट्रक के पहिये के बीच में चटाई बिछाकर सोया हुआ था। (सिटी रिपोर्टर/आरएनएस)बिल्टी एंट्री कराने बालाजी राईस मिल जाते समय ट्रक में लोड़ चावल को खाली कराने के लिये कैलाश गुप्ता जिसका चावल लोड़ था वह ड्रायवर को फोन लगाया तो ड्रायवर दिनेश जो ट्रक में सोया था गाड़ी को चालू कर आगे बढ़ा दिया।